Alberta

समाचार विज्ञप्ति

एल्बर्टा दूसरी खुराक के एपॉइंटमेंटों में तेजी कर रहा है

01 जून 2021

सभी एल्बर्टावासी जल्द ही टीके की दूसरी खुराक प्राप्त करने में सक्षम होंगे, जिससे उन्हें और सभी एल्बर्टावासियों को COVID-19 से पूरी तरह से सुरक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

अभी तक 2.8 मिलियन से भी अधिक खुराकें और 12-वर्ष से अधिक आयु के 63.4 प्रतिशत एल्बर्टावासियों को कम से कम एक खुराक प्राप्त होने के साथ एल्बर्टा का टीकाकरण रोलआउट नए मील के पत्थर हासिल करना जारी रख रहा है।

एल्बर्टावासी अपनी पहली खुराक प्राप्त करने के क्रमानुसार दूसरी खुराक के एपॉइंटमेंटों के लिए समय नियत करने में सक्षम होंगे।

- मार्च या इससे पहले टीकाकृत कोई भी व्यक्ति अपनी दूसरी खुराक के लिए 1 जून से आरक्षण करना शुरू कर सकता है।
- अप्रैल में टीकाकृत कोई भी व्यक्ति अपनी दूसरी खुराक के लिए 14 जून से आरक्षण करना शुरू कर सकता है।
- मई में टीकाकृत कोई भी व्यक्ति अपनी दूसरी खुराक के लिए 28 जून से आरक्षण करना शुरू कर सकता है।

COVID-19 टीके की एक खुराक अस्पताल में भर्ती किए जाने और मृत्यु होने सहित अन्य गंभीर परिणामों से 80 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करती है। किंतु वायरस से सबसे अच्छी और सबसे लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरी खुराक की आवश्यकता है।

दूसरी खुराक के प्रशासन में एल्बर्टा राष्ट्र में अग्रणी है और अभी तक 10.4 प्रतिशत पात्र एल्बर्टावासी दो खुराकों के साथ पूरी तरह से संरक्षित हो गए हैं।

दूसरी खुराक के लिए एपॉइंटमेंट बुक करना

एएचएस (AHS) और पहली खुराक प्रशासित करने वाली प्रतिभागी फार्मेसियों को यथासंभव एल्बर्टावासियों से संपर्क करके उन्हें याद दिलाना होगा कि वे अपनी दूसरी खुराक के लिए पात्र हैं।

किंतु एल्बर्टावासियों को पात्र होने के बाद एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए अपने साथ संपर्क किए जाने तक प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। एल्बर्टावासी जहाँ भी प्रतिरक्षण करवाने के इच्छुक हों, वे अपनी दूसरी खुराक के लिए आरक्षण करने का चयन कर सकते हैं।

दूसरी खुराक के लिए एपॉइंटमेंट AHS (एएचएस) वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन, 811 पर फोन करके या प्रतिभागी फार्मेसियों और चिकित्सकों के कार्यालयों के माध्यम से आरक्षित किए जा सकते हैं। पहले आने वाले को सबसे पहले उपलब्धता के आधार पर दूसरी खुराक प्राप्त होगी।

हालांकि पहली और दूसरी खुराक के बीच का अंतराल 12 सप्ताहों में शुरू होगा, किंतु एल्बर्टा अब उत्तरोत्तर रूप से इससे कम समयांतराल पर दूसरी खुराक के लिए एपॉइंटमेंट प्रस्तुत करने में सक्षम होगा, बशर्ते टीकाकरण की आपूर्ति स्थिर रहे।

- फ़ाइजर और मॉडर्ना के लिए जैसे-जैसे आपूर्ति उपलब्ध होती जाती है और हम पात्र समूहों के लिए काम करते जाते हैं, इस समयांतराल को समय बीतने के साथ कम से कम तीन से चार सप्ताहों तक कम कर दिया जाएगा।

- एस्ट्राज़ेनेका के लिए, इस अंतराल को समय के साथ सर्वोत्तम प्रभाविता के लिए न्यूनतम अनुशंसित आठ सप्ताह या इससे अधिक तक कम कर दिया जाएगा।

एस्ट्राज़ेनेका

जिन एल्बर्टावासियों को मार्च या इससे पहले एस्ट्राज़ेनेका की एक खुराक प्राप्त हुई थी, वे अब दूसरी खुराक के लिए एपॉइंटमेंट का आरक्षण कर सकते हैं। अप्रैल या मई में अपनी पहली खुराक प्राप्त करने वाले किसी भी अन्य व्यक्ति को आरक्षण करने से पहले अपनी पहली खुराक के बाद आठ सप्ताह बीत जाने तक प्रतीक्षा करनी होगी।

एस्ट्राज़ेनेका की पहली खुराक प्राप्त करने वाले एल्बर्टावासियों के पास ये विकल्प होंगे:

- एएचएस (AHS) की ऑनलाइन आरक्षण वेबसाइट पर, 811 पर कॉल कर, या एल्बर्टा ब्लू क्रॉस की वेबसाइट पर सूचीबद्ध किसी फार्मेसी में जाकर एस्ट्राजेनेका के दूसरे एपॉइंटमेंट का आरक्षण करें
- प्रतिभागी फार्मेसियों या एएचएस (AHS) के माध्यम से mRNA टीके के लिए दूसरे एपॉइंटमेंट का आरक्षण करें

पहली खुराकें

पहली खुराक के लिए आरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। जिन एल्बर्टावासियों को अभी तक टीके से संरक्षण की अपनी पहली खुराक प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें जितनी जल्दी हो सके एपॉइंटमेंट का आरक्षण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- अपना COVID-19 टीकाकरण एपॉइंटमेंट बुक करें

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय
(Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
सहायक संचार निदेशक, स्वास्थ्य (Assistant Director of Communications, Health)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।